# 38वाँ राष्ट्रीय खेल

**स्रोत: पी.आई.बी**

केंद्रीय गृह मंत्री ने **उत्तराखंड के हल्द्वानी** में **38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को संबोधित किया तथा भारत में खेल अवसंरचना** के विकास पर प्रकाश डाला ।

- **39वें राष्ट्रीय खेल मेघालय** में आयोजित किये जायेंगे ।
- **38वें राष्ट्रीय खेलों के बारे में:** यह **28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक** उत्तराखंड में आयोजित किये गए थे।
  - **शुभंकर:** खेलों का शुभंकर **मौली था,** जो उत्तराखंड के राज्य पक्षी **मोनाल** से प्रेरित था।
  - **शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता: सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड (प्रथम), महाराष्ट्र (द्वितीय)**, और हरियाणा (तृतीय)।
- **भारत का राष्ट्रीय खेल** एक ओलंपिक **शैली का बहु-खेल आयोजन है, जिसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** के खिलाड़ी पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
- **भारत का खेल बजट 2014 में 800 करोड़ रुपए** से बढ़कर **2025-26 तक 3,800** करोड़ रुपए हो जाएगा।
- TOPS (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के साथ, प्रतियोगी **भारत में वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों** के लिये पहले से ही तैयारी कर रहे हैं।

**और पढ़ें:** राष्ट्रीय खेल दिवस- 2024 और RESET कार्यक्रम

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/38th-national-games-6